विश्व जैव विविधता दिवस

22 मई 2020

शुष्क वन अनुसंधान संस्थान, जोधपुर में 22 मई 2020 को विश्व जैव विविधता दिवस मनाया गया | कोविड-19 महामारी के नियमों की अनुपालना के कारण, संस्थान के निदेशक श्री माना राम बालोच, भा.व.से. की अध्यक्षता एक संक्षिप्त कार्यक्रम आयोजित किया गया | इस वर्ष का थीम *"हमारे समाधान प्रकृति में है (*Our Solutions are in Nature)" को ध्यान में रखते हुए सर्वप्रथम संस्थान के प्रांगण में पौधारोपण कार्यक्रम के तहत डॉ. उत्तर कुमार तोमर, प्रभागाध्यक्ष विस्तार प्रभाग द्वारा पौधारोपण किया गया गया | संस्थान में जैवविविधता की दृष्टि से संतुलन को बनाए रखने के लिए पक्षियों के पानी पीने के लिए संस्थान के सभी प्रभागों के द्वारा अलग-अलग स्थानो पर दो-दो परिण्डे लगाए गए |

कार्यक्रम का संचालन डॉ. बिलास सिंह, मुख्य तकनीकी अधिकारी, विस्तार प्रभाग ने किया | इस अवसर पर संस्थान के निदेशक श्री माना राम बालोच, डॉ. आई.डी. आर्य, समूह समन्वयक (शोध), विभिन्न प्रभागों के प्रभागाध्यक्ष, संस्थान के अन्य अधिकारीगण / कर्मचारीगण उपस्थित रहे | कार्यक्रम में कोविड-19 महामारी के समस्त नियमों एवं सामाजिक दूरी बनाये रखने का पूर्णतया पालन किया गया |